कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 20.01.2024

# //प्रेस विज्ञप्ति//
## गर्ल्स कॉलेज में
## ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केन्द्र प्रारंभ

शासकीय डॉ.वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कौशल विकास की दिशा में इन्क्यूबेशन सेंटर में 'ब्यूटी पार्लर'' प्रशिक्षण हेतु स्थायी पार्लर प्रारंभ किया गया।

पार्लर का शुभारंभ विश्व सौंदर्य प्रतियोगिता की तीन पुरस्कार विजेता श्रीमती जूही व्यास के द्वारा किया गया।

प्रभारी प्राध्यापक डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि आज के समय में ब्यूटीशियन की मांग शीर्ष पर है क्योंकि शादी, पार्टी या कोई भी पारिवारिक समारोह हो ब्यूटिशियन की आवश्यकता होती है। ब्यूटी पार्लर का व्यवसाय भी स्वरोजगार के क्षेत्र में काफी विकसित हुआ है।

इस दिशा में महाविद्यालय में ब्यूटी पार्लर का नियमित रूप से प्रशिक्षण देने पार्लर की सारी सुविधाएँ उपलब्ध करायी गयी है। जिसमें छात्राएँ स्कीन केयर, मेकअप, हेयर स्टाईल, नेल केयर, फेशियल, पेडीक्योर, हेयरकट आदि का प्रशिक्षण विशेषज्ञों से प्राप्त करेंगी।

डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि यह पहला महाविद्यालय है जहाँ सुविधायुक्त पार्लर प्रशिक्षण का केन्द्र प्रारंभ हुआ है। इसमें 15 दिन एवं एक-एक माह के प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जावेंगे तथा एक्सपर्ट के द्वारा ब्यूटी टिप्स पर आधारित कार्यक्रम भी रखे जावेंगे। उन्होनें बताया कि शहर की बहुत सी ब्यूटीशियन इस कार्य में सहयोग एवं मार्गदर्शन दे रही है जो प्रसंशनीय है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने इसे एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए स्वरोजगार की दिशा में छात्राओं को प्रेरित करने का अच्छा प्रयास बताया है। उन्होनें फैशन डिजाइनिंग के वैल्यूएडेड कोर्स की भी सराहना की है।

महाविद्यालय के गृहविज्ञान विभाग के प्राध्यापकों एवं शोधार्थियों के द्वारा भी सतत रूप से कौशल विकास के लिए प्रयास किए जा रहे है।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

**(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)**
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

शासकीय डॉ0 वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

गर्ल्स कॉलेज में

ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केन्द्र प्रारंभ